# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 12.03.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 22 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 08 मारपीट, 04 पारिवारिक विवाद व शेष 10 अन्य से संबन्धित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना शोहरतगढ़ पुलिस की प्रभावी पैरवी से 3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट के 01आरोपी को 02 वर्ष 11 महीना 15 दिन के कारावास व ₹5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 12.03.2026 को वाद सं0-722/25 मु0अ0सं0 02/2023 धारा 3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट थाना शोहरतगढ़ में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी, ASJ/SPL/SC/ST जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र गोवर्धन प्रसाद निवासी वार्ड-01 नगर पंचायत शोहरतगढ़ ताना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट में 02 वर्ष 11 माह 15 दिन के कारावास व ₹5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता, नीरज श्रीवास्तव व न्यायालय पैरोकार आरक्षी उदय साहनी, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा चोरी की 05 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 01 अन्तरराष्ट्रीय शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया।

◆चोरी के मोटर साईकिल बरामद।

डॉ अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ के कुशल निर्देशन मे व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ मय टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 37/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त को थानाक्षेत्र के सिसवा के पास से गिरफ्तार किया गया तथा विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

01.अभियुक्त गोरख धोबी पुत्र स्व0 गोपाल धोबी निवासी वार्ड न0-02 सेवरा थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल।

अनावरित अभियोग का विवरण–

01. मु0अ0स0 20/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना शोहरतगढ़।
02. मु0अ0स0 230/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिद्धार्थनगर।
03. मु0अ0स0 165/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना ढेबरुआ।
04. मु0अ0स0 166/25 धारा 303(2)बीएनएस थाना ढेबरुआ।
05. मु0अ0स0 37/2026 धारा 303(2) थाना शोहरतगढ़।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01.प्र0नि0 नवीन कुमार सिंह थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0 संतोष कुमार यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
03.मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
04.आरक्षी प्रभाकर यादव, धर्मनाथ यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डा0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 27/2026 धारा 108 बीएनएस में वांछित अभियुक्त बलिराम उर्फ निरहु पुत्र रामकमल निवासी ग्राम भलुहा टोला खदरगड्डी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक 12.03.2026 को बजीराबाद ईट भट्ठा के करीब मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

## घटना का संक्षिप्त –

**वादी मुकदमा द्वारा दिनाँक 05.03.2026 को थाना खेसरहा पर सूचना दिया कि उसकी नातिन मधु उम्र करीब 20 वर्ष बलिराम उर्फ निरहू पुत्र रामकमल निवासी भलुहा टोला खदरगद्दी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर से बात करती थी तथा मधु, बलिराम उर्फ निरहू से शादी करना चाहती थी परन्तु वह शादी करने से मना कर परेशान कर रहा था। जिससे मधु परेशान होकर घर में छत के पंखे की कुण्डी में दुपट्टा बांध कर आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 27/2026 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत किया गया।**

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

**1. बलिराम उर्फ निरहु पुत्र रामकमल निवासी ग्राम भलुहा टोला खदरगड्डी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

**01.उ0नि0 श्री जगत नरायण यादव चौकी प्रभारी कुर्थिया थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.आरक्षी आदित्य यादव, वरूण कुमार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर ।**

# <u>प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोप में 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया ।

**डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत निरीक्षक अजय कुमार सिंह यादव मय टीम द्वारा थाना सिद्धार्थनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-59/2026 धारा 64(1),115(2),352,351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजय कुमार उर्फ पप्पू पुत्र रामचन्द्र निवासी बर्डपुर नं0 11 टोला सोनपुर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर उम्र 32 वर्ष को आज दिनांक 12.03.2026 को खुशराजपुर अंडरपास पुल के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

**01.अजय कुमार उर्फ पप्पू पुत्र रामचन्द्र निवासी बर्डपुर नं0-11 टोला सोनपुर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---

**01.निरीक्षक श्री अजय कुमार सिंह यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.म0उ0नि0 शाइस्ता खान थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.म0का0 पूजा सिंह थाना व जनपद सिद्धार्थनगर ।**

# प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या के 01आरोपी को आजीवन कारावास व ₹30,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 12.03.2026 को वाद सं0- 34/2023 मु0अ0सं0 307/2022 धारा 147,148,302/149 भादवि व 4/25आर्म्स एक्ट थाना सिद्धार्थनगर में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मोहम्मद रफी, अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त सागर यादव पुत्र रवीन्द्र यादव निवासी मो0 रामनगर तेतरी बाजार थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व ₹20,000/- के अर्थदण्ड व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में 03 वर्ष के साधारण कारावास व ₹10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता, चन्द्रप्रकाश पाण्डेय व न्यायालय पैरोकार आरक्षी अर्जुन, थाना व जनपद सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में सर्किल शोहरतगढ़ के थानों पर स्थापित महिला मिशन शक्ति केन्द्र/साइबर हेल्प डेस्क के मिशन प्रभारीयों के साथ गोष्ठी की गयी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 12.03.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा सर्किल शोहरतगढ़ के मिशन शक्ति फेज 5.0 महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में सर्किल शोहरतगढ़ में स्थापित महिला शक्ति केन्द्र/साइबर हेल्प डेस्क के प्रभारीयो के साथ गोष्ठी की गयी तथा अभिलेखो की जांच की गयी तथा NCRP पोर्टल पर लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की गई।

## प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित 21 अदद माल मुकदमाती मालों का निस्तारण किया गया।**

आज दिनांक 12.03.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी इटवा के निर्देश के अनुपालन के क्रम विन्द्रेश गुप्ता, नायब तहसीलदार इटवा व प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया श्री राजेश कुमार तिवारी के उपस्थिति में थाना स्थानीय पर माल निस्तारण के अनुपालन के क्रम में आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित 21 अदद माल मुकदमाती मालों का निस्तारण किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद व मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया तथा परिवार को बिखरने से बचाया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12/03/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बांसी श्री शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह मय मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र आवेदिका किरन पत्नी रिंकू निवासी हड़कौली थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर की जांच करते हुए पति पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद व मनमुटाव को दूर करते हुए पति-पत्नी को एक साथ विदा किया गया तथा परिवार को बिखरने से बचाया गया।**

**थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम का विवरण---**

**01.उ0नि0 आनन्द कुमार शाही, श्रीकान्त यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.महिला हेड कांस्टेबल सत्या त्रिपाठी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

# प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆उ0नि0 नागरिक पुलिस भर्ती-2025 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा सयुक्त रुप से ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारीगण को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

◆विभिन्न स्कूल/कालेज में आगामी उ0नि0 नागरिक पुलिस परीक्षा 2025 के सकुशल संपादन हेतु ड्यूटी में लगे अधिकारी /कर्मचारीगण को परीक्षा की शुचिता व सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ब्रीफ किया गया।

आज दिनांक 12 मार्च, 2026 को उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक (UPSI) भर्ती परीक्षा 2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा संयुक्त रूप से लोहिया कला भवन सिद्धार्थनगर में कालेज/स्कूल में यूपी एसआई परीक्षा में लगे सभी अधिकारी/कर्मचारीगण की स्पार्ट ब्रीफिंग की गई।
ब्रीफिंग के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा ड्यूटी पर तैनात समस्त बल को निम्नलिखित कड़े निर्देश दिए गए:
01.परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन तलाशी (Frisking) सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या प्रतिबंधित सामग्री को अंदर ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा।
02.सभी पुलिसकर्मी और केंद्र व्यवस्थापक निर्धारित समय से पूर्व अपने केंद्रों पर उपस्थिति दर्ज कराएं।
03.परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाए।
04.किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या नकल कराने वाले गिरोहों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।
05.सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा पल-पल की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

महोदय द्वारा बताया गया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, स्वाट टीम, साइबर सेल, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा अन्य पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अथवा नकल को रोकने के लिए सघन निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनपदीय कंट्रोल

रूम तथा डायल-112 को भी पूरी तरह अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि परीक्षा ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जनपद पुलिस द्वारा अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुँचे तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

## प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा सयुक्त रुप से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उ0नि0 नागरिक पुलिस एंव समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत लोहिया कला भवन में ड्यूटी में लगे पुलिस व प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारीगण को ब्रीफ किया गया।

आज दिनाँक 12.03.2026 को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा सयुक्त रुप से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उ0नि0 नागरिक पुलिस एंव समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत लोहिया कला भवन में ड्यूटी में लगे पुलिस व प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारीगण को ब्रीफ किया गया। महोदय द्वारा ब्रीफिंग के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा ड्यूटी पर तैनात समस्त बल को निम्नलिखित कड़े निर्देश दिए गए परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन तलाशी (Frisking) सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या प्रतिबंधित सामग्री को अंदर ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा, सभी पुलिसकर्मी और केंद्र व्यवस्थापक निर्धारित समय से पूर्व अपने केंद्रों पर उपस्थिति दर्ज कराएं। परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या नकल कराने वाले गिरोहों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा पल-पल की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करानें/शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी की गई व शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उ0नि0 नागरिक पुलिस एंव समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत ट्रेज़री गार्द का निरीक्षण किया गया।

आज दिनाँक 12.03.2026 को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उ0नि0 नागरिक पुलिस एंव समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को दिनांक 14.03.2026/15.03.2026 को होने वाले परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत ट्रेज़री गार्द का निरीक्षण किया गया। उक्त परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करानें/शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी की गई व शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12-03-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जनपदीय पुलिस द्वारा रमजान माह, ईद-उल-फितर के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 12.03.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा ईद-उल-फितर व रमजान माह के अवसर पर सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।